चेतना के स्वर

कूर्मि समाज के ऐतिहासिक विरासत पर शोधपूर्ण जानकारी

(संस्करण - 2019)



पं क्र.- छ.ग. राज्य/37, दिनांक 06.10.2001

छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच

पंजीकृत मुख्यालय - डॉ. कौशिक क्लीनिक, अशोक नगर, सीपत रोड, सरकण्डा, बिलासपुर (छ.ग.)

फोन : 09826165881, 09425522629, ई-मेल: kurmi.chetna01@gmail.com

ईमेल-kurmi.chetna01@gmail.com 98271-57927, https://www.facebook.com/kurmi.chetna01

चेतना के स्वर

कूर्मि समाज के ऐतिहासिक विरासत पर शोधपूर्ण जानकारी

संपादक मंडल

कूर्मि डॉ. निर्मल नायक,

प्रबंध संपादक

प्रदेशाध्यक्ष-छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच

कूर्मि बी. आर. कौशिक

प्रधान संपादक

मो. 7000992193

कूर्मि सिद्धेश्वर पाटनवार

उप प्रधान संपादक

मो. 9300851771

कूर्मि डॉ. जीतेन्द्र सिंगरौल

संपादक सह प्रदेश महासचिव, छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच

मो. : 9425522629

सम्पादक मण्डल सदस्य :

कूर्मि भारत लाल वर्मा, कूर्मि कोमल पाटनवार ,

कूर्मि श्रीमती भगवती चन्द्राकर, कूर्मि चन्द्रशेखर चकोर, कूर्मि अनिल चंद्राकर

प्रकाशन वित्तीय एवं मार्केटिंग प्रबंधन दल

कूर्मि डॉ. हेमंत कौशिक, कूर्मि लक्ष्मी कुमार गहवई, कूर्मि राजेन्द्र चन्द्राकर,

कूर्मि प्रदीप कौशिक, कूर्मि सुखनंदन कौशिक (प्रदेश कोषाध्यक्ष-छ.ग. कू.क्ष.चेतना मंच)

कूर्मि विश्वनाथ कश्यप, कूर्मि देवी चन्द्राकर, कूर्मि तोखन चन्द्राकर।

अक्षर संगणक एवं मुद्रक

कूर्मि अनिल चन्द्राकर

क्रियेटिव कम्प्यूटर एण्ड ग्राफिक्स एण्ड प्रिंटर्स

तात्यापारा, रायपुर (छ.ग.) मो. 9329111036

प्रकाशक

छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच

RAMESH BAIS
GOVERNOR

रमेश बैस
राज्यपाल

RAJ BHAVAN
AGARTALA-799 010
Tel. : 0381-241-4091
0381-241-0217
Fax : 0381-241-0026
राज भवन
अगरतला -799 010
दूरभाष: 0381-241-4091
0381-241-0217
फैक्स: 0381-241-0026
E-mail : rajbhavanagt@gmail.com
: rajbhavanagt-tr@gov.in

अक्टूबर 17, 2019

संदेश

अत्यन्त ही हर्ष की बात है कि छत्तीसगढ़ कूर्मि–क्षत्रिय चेतना मंच द्वारा भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती समारोह व कूर्मि महाधिवेशन प्ररतावित है।

इस अवसर पर प्रकाशित "चेतना के स्वर" स्मारिका में कूर्मि सगाज की गतिविधियों एवं कार्य प्रणाली से लोगों को अवगत कराते हुए सगाज के लिए उपयोगी होगा। यह स्मारिका न केवल समाज की जानकारी बढ़ाएगा बल्कि नई पीढ़ियों के लिए उनकी जिज्ञासा व व्यवहार परिवर्तन के लिए एक संग्रहणीय कलेवर होगा।

मैं इस स्मारिका के प्रकाशन व कार्यकम के सफल आयोजन की कामना करता हूँ एवं अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

(रमेश बैस)

कूर्मि डॉ0 जीतेन्द्र सिंगरौल,
प्रदेश महासचिव सह संपादक,
छत्तीसगढ़ कूर्मि–क्षत्रिय चेतना मंच,
डॉ0 हेमंत कौशिक, निरामय चिकित्सा केन्द्र,
अशोक नगर, सीपत रोड, सरकण्डा,
बिलासपुर–495 006
छत्तीसगढ़।

भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री

Bhupesh Baghel
CHIEF MINISTER



मंत्रालय, महानदी भवन
अटल नगर, रायपुर, 492002, छत्तीसगढ़
फोन: +91 (771) 2221000, 2221001
ई—मेल : cmcg@nic.in

Mantralaya, Mahanadi Bhawan,
Atal Nagar, Raipur, 492002, Chhattisgarh
Ph.: +91 (771) 2221000, 2221001
E-mail : cmcg@nic.in

Do.No. 507 Date 23/10/2019

संदेश

मुझे यह जानकर हार्दिक प्रसन्नता हुई कि छत्तीसगढ़ कूर्मि—क्षत्रिय चेतना मंच द्वारा अपने स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर तीन दिवसीय ''कूर्मि महाधिवेशन'' एवं ''सरदार पटेल जयंती पखवाड़ा समारोह'' का आयोजन 10 से 12 नवम्बर, 2019 तक किया जा रहा है।

हमारे पुरखों के योगदान को याद करते हुए उनके बताए रास्ते पर चलें ताकि आने वाली नवपीढ़ी, समाज व देश के विकास में महती योगदान दे सकें। छत्तीसगढ़ कूर्मि क्षत्रिय समाज एक जागरूक समाज है। छत्तीसगढ़ के विकास में इस समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। स्मारिका में वैज्ञानिक चिंतन व सामाजिक विकास जैसे विषय का समावेश किया जाना सराहनीय प्रयास है।

आयोजन एवं प्रकाशन अपने उद्देश्यों में सफल हो, इसके लिए मेरी शुभकामनाएं।

(भूपेश बघेल)

धरमलाल कौशिक
DHARAMLAL KAUSHIK

नेता प्रतिपक्ष, छत्तीसगढ़ विधान सभा
LEADER OF OPPOSITION, CHHATTISGARH
LEGISLATIVE ASSEMBLY

क्र.815.../ने.प्र./2019

दिनांक 23-10-19

-संदेश-

प्रसन्नता का विषय है कि छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच द्वारा ''**कूर्मि महाधिवेषन**'' का आयोजन छत्तीसगढ़ की पौराणिक राजधानी रतनपुर में किया जा रहा है।

इस अवसर पर प्रकाशित ''चेतना के स्वर'' कूर्मि समाज के इतिहास, संस्कृति के संदर्भ उपयोगी होगा। यह स्मारिका न केवल समाज के लिए प्रभावशाली वरन् नई पीढ़ियों के लिए उनके जिज्ञासा व व्यवहार परिवर्तन के लिए एक उत्तम अंश होगा।

मैं इस स्मारिका प्रकाशन पर अशेष बधाईयाँ व शुभकामनाएँ .....

DK Kaushik
(धरम लाल कौशिक)

प्रति,
डॉ. जीतेन्द्र सिंगरौल,
संपादक सह प्रदेश महासचिव
छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच

सी–1/10, आनंद नगर, ऑफिसर्स कॉलोनी, रायपुर–492001 (छ.ग.) फोन : 0771-2331055, फेक्स : 2331064
C-1/10, ANAND NAGAR, OFFICERS COLONY, RAIPUR - 492001 (C.G.) Phone : 0771-2331055, Fax : 2331064

स्थापना वर्ष : 1894

पंजीयन क्रं. 882/1909

अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा

All India Kurmi Kshatriya Mahasabha

कूर्मि एल.पी. पटेल, राष्ट्रीय अध्यक्ष फो.: 0755-2612651, मो.: 9425392434

पता : सरदार पटेल स्मारक, अतिथि निवास, एस 14, अंधरापुल, वाराणसी (उ.प्र.) फोन: 0542-2574434

केन्द्रीय कार्यालय :22, वसुन्धरा कॉलोनी, बैंक कॉलोनी के पीछे, जहांगीराबाद, भोपाल (म.प्र.) फोन : 0755-2574434

क्र. अ भा.कू.क्ष महासभा/

दिनांक...31-10-2019

मान. एल.पी. पटेल
राष्ट्रीय अध्यक्ष
(अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा)

-संदेश-

छत्तीसगढ़ में विगत 25 वर्षों से समाज को जागृत व संगठित करने हेतु प्रयत्नशील संस्था **छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच** के रजत जयंती के अवसर पर आयोजित त्रिदिवसीय "**कूर्मि महाधिवेशन**" की सफलता के लिए अग्रिम शुभकामनाएं।

इस अवसर पर प्रकाशित स्मारिका "**चेतना के स्वर**" कूर्मि चेतना पंचाग की तरह एक मील का पत्थर साबित होगा। नि:संदेह यह स्मारिका समाज विकास के लिए बेहतरीन दस्तावेज व संग्रह योग्य कलेवर होगा।

मैं इस स्मारिका प्रकाशन परअशेष बधाईयाँ व शुभकामनाएँ.....

कूर्मि एल.पी.पटेल
राष्ट्रीय अध्यक्ष
अखिल भारतीय कूर्मि-क्षत्रिय महासभा

प्रति,
कूर्मि डॉ. निर्मल नायक,
प्रदेशाध्यक्ष,
छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच

ALL INDIA KURMI KSHATRIYA MAHASABHA

Central Office: 22, Vasundhara Colony, Behind Bank Colony, Jahangirabad, Bhopal
(M.P.), Phone: 0755-2574434 | Mobile: 94251-75550

Kurmi Dr. Vijay Singh Niranjan
M.Sc., L.L.B., Ph.D., I.A.S. (Retd.)

National General Secretary

MESSAGE

It is a matter of great pride that**"Kurmi Chetana Panchang"** is being published by the ChattisgarhKurmi Kshatriya Chetana Manch from the historic and religious location of Ratanpur, District Bilaspur, Chattisgarh.

For the past many years, the Panchang has played an important role in integrating our Kurmibrethen across the country. I am sure that the publication of the Panchang this year along with the "Smarika" will play an even more important role in connecting and developing the Kurmi Kshatriya Samaj.

The panchang has information related to the ancient historical and current information and will be certainly useful to all ages of our community and I urge all to ensure a wide publicity to the same and ensure all your homes and work places have a copy of the panchang displayed prominently.

I thank all the members of the committee who have played a vital role in coming out with the Panchang year on year and wish them the very best with the newly introduced **"Kurmi Chetna Jagriti & Chetna Ke Swar Smarika"**, that I am sure will be accepted with all our heart.

Dr. Vijay Singh Niranjan

To:

Dr. Jeetendra Singroul
Editor and State General Secretary
ChattisgarhKurmi Kshatriya Chetana Manch

विजय बघेल
संसद सदस्य (लोकसभा)
छत्तीसगढ़

दूरभाष : 8770360478
9425561150
9981521150

सत्यमेव जयते

जावक क्रमांक VIP/..1495..
दिनांक : 26-10-2019

—:: शुभकामनाएं ::—

अत्यंत गौरव का विषय है कि छत्तीसगढ़ कूर्मि–क्षत्रिय चेतना मंच द्वारा " **कूर्मि महाधिवेशन** " का आयोजन छत्तीसगढ़ की पौराणिक नगरी रतनपुर में किया जा रहा है।

मुझे अवगत कराया गया है कि इस अवसर पर प्रकाशित " **चेतना के स्वर** " स्मारिका का प्रकाशन किया जा रहा हैं। यह स्मारिका कूर्मि समाज के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति व धरोहर का आत्मबोध कराएगा ।

इस स्मारिका प्रकाशन पर अशेष बधाईयॉ व शुभकामनाएं.........

विजय बघेल
सांसद–दुर्ग लोकसभा
प्रदेशाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ प्रदेश कूर्मि–क्षत्रिय समाज

प्रति,
डॉ. जीतेन्द्र सिंगरौल,
संपादक सह प्रदेश महासचिव
छत्तीसगढ़ कूर्मि–क्षत्रिय चेतना मंच

निवास- क्वा.नं. 7/B, सड़क 38, सेक्टर 05, भिलाई, जिला-दुर्ग, छ.ग.

छाया वर्मा, संसद सदस्य (राज्य सभा)
Chhaya Verma, MP (Rajya Sabha)
सदस्य / Member :
1. सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता संबंधी स्थायी समिति
Standing Committee on Social Justice Empowerment
2. हिन्दी सलाहकार समिति - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
Hindi Consultative Committee - Ministry of Health & Family Welfare
3. सलाहकार समिति - कोयला एवं खान मंत्रालय
Consultative Committee - Ministry of Coal & Mines

निवास : 501, स्वर्ण जयंती सदन, डॉ. बी.डी.मार्ग
नई दिल्ली - 110001
निवास : सी-2, फारेस्ट कॉलोनी, राजातालाब,
रायपुर (छ.ग.)
Resi. : 501, Swarna Jayanti Sadan, Dr. B.D.
Marg, New Dehli - 110001
Resi. : C-2, Forest Colony, Rajatalab,
Raipur, Chhattisgarh - 492001
Tel. : 0771-2252600
Email : chhayaverma1962@gmail.com

S.No. 1372 Date 18.10.2019

–संदेश–

अत्यंत गौरव का विषय है कि छत्तीसगढ़ कूर्मि–क्षत्रिय चेतना मंच द्वारा "कूर्मि महाधिवेशन" का आयोजन छत्तीसगढ़ का पौराणिक नगरी रतनपुर में किया जा रहा है। मुझे अवगत कराया गया है कि इस अवसर पर प्रकाशित "चेतना के स्वर" स्मारिका का प्रकाशन किया जा रहा है। यह स्मारिका कूर्मि समाज के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति व धरोहर का आत्मबोध कराएगा।

मैं इस स्मारिका प्रकाशन पर अशेष बधाईयां व शुभकामनाएं.....

Chhaya.
(छाया वर्मा)
सांसद, राज्यसभा
छत्तीसगढ़

प्रति,

श्री डॉ. जीतेन्द्र सिंगरौल,
संपादक सह प्रदेश महासचिव
छत्तीसगढ़ कूर्मि–क्षत्रिय चेतना मंच

स्थापना वर्ष 1894

पंजीयन क्र.-220/1984-85

अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा

ALL INDIA KURMI KSHATRIYA MAHASABHA

श्रीमती लताऋषि चन्द्राकर, राष्ट्रीय अध्यक्ष (महिला प्रकोष्ठ)

मो.-09826462725, 09302743766

कार्यालय - स्ट्रीट-7, ब्लॉक-9/बी, सेक्टर-10, भिलाई नगर, जिला-दुर्ग (छ.ग.) पिन-490 006

दिनांक ..31/10/2019

श्रीमती लताऋषि चन्द्राकर
राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष

-संदेश-

अत्यन्त हर्ष का विषय है कि अपने स्थापना के रजत जयंती वर्ष में त्रिदिवसीय ''**कूर्मि महाधिवेशन**'' का आयोजन **छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच** द्वारा आयोजन किया जा रहा है ।निश्चित तौर पर कूर्मि समाज में इसका वृहद लाभ होगा ।

मुझे अवगत कराया गया है कि इस अवसर पर प्रकाशित ''**चेतना के स्वर**'' स्मारिका का प्रकाशन किया जा रहा है। यह स्मारिका कूर्मि समाज के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति व धरोहर का आत्मबोध कराएगा।

मैं इस स्मारिका प्रकाशन पर अशेष बधाईयाँ व शुभकामनाएँ देती हूँ.....

कूर्मि श्रीमती लताऋषि चंद्राकर
राष्ट्रीय अध्यक्षा (महिला),
अखिल भारतीय कूर्मि-क्षत्रिय महासभा

प्रति,
कूर्मि डॉ. जीतेन्द्र सिंगरौल,
संपादक सह प्रदेश महासचिव
छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच

छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच

पंजीयन क्र. 37 / छ.ग. राज्य / 06.10.2001

कूर्मि डॉ. निर्मल नायक
प्रदेशाध्यक्ष
पथरिया मोड़ के पास,
बरेला, जिला-मुंगेली (छ.ग.)
मो. : 98261-65881

कूर्मि सुखनंदन कौशिक
प्रदेश कोषाध्यक्ष
देवनंदन नगर, फेस-1,
सीपत रोड, बिलासपुर (छ.ग.)
मो. 8839915253

कूर्मि डॉ. जीतेन्द्र सिंगरौल
प्रदेश महासचिव
ब्लाक नं. 47 /563, दीनदयाल आवासीय फ्लैट
कबीर नगर, रायपुर (छ.ग.)492099
9425522629, ई-मेल-jkumar001@gmail.com

क्र.: कूर्मि चेतना/केन्द्रीय/2017-2020/ 067

दिनांक : 04-11-2019

-संदेश-

अत्यंत ही हर्ष का विषय है कि **छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच** द्वारा भारतरत्न सरदारवल्लभ भाई पटेल जयंती पखवाडा समापन समारोह व 'कूर्मि महाधिवेशन' का आयोजन समाज के चेतना जागृति हेतु प्रभावशाली व समाज हित में उपयोगी साबित होगा ।

इस अवसर पर प्रकाशित **''चेतना के स्वर''** स्मारिका का प्रकाशन किया जा रहा है। यह स्मारिका कूर्मि समाज के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति व धरोहर का आत्मबोध कराएगा।

मैं इस स्मारिका के प्रकाशन दल को बधाईयॉ व कार्यकम के सफल आयोजन के लिये शुभकामनाएं देता हूँ।

(डॉ. निर्मल नायक)
प्रदेशाध्यक्ष
छत्तीसगढ़ कूर्मि-क्षत्रिय चेतना मंच

प्रति,
प्रकाशन दल,
कूर्मि चेतना जागृति स्मारिका

पत्राचार का पता : डॉ. हेमंत कौशिक, निरामय चिकित्सा केन्द्र, अशोक नगर, सीपत रोड, चांटीडीह, सरकण्डा, बिलासपुर (छत्तीसगढ़) 495006, ईमेल-kurmi.chetna01@gmail.com 98271-57927, https://www.facebook.com/kurmi.chetna01

विशेष ध्यानाकर्षण टीप

कई स्थानों में समान समाजिक उपनाम में समानता होने की वजह से भ्रम की स्थिति निर्मित हो जाती है जिसकी वजह से कूर्मि पहचान में भ्रमित हो जाते हैं । जैसे बघेल (कूर्मि, अजा, अजजा) कौशिक (कूर्मि, ब्राह्मण, अजा) नायक व पटेल (कूर्मि, अघरिया, अजा), वर्मा (कूर्मि, कायस्थ) आदि । इस प्रकार के उदाहरण छत्तीसगढ़ प्रांत के अतिरिक्त अन्य राज्यों में भी पाये जाते हैं । अतः इस बाबत् सतर्कता बरतना उचित रहेगा । ऐसी विषम परिस्थितियों में स्थानीय स्वजातिय जन से सम्पर्क कर वस्तु स्थिति को स्पष्ट कर लें ।

कूर्मि समाज का गौरवमयी इतिहास

प्राचीन इतिहास :-

जाति की व्याख्या :-

मूल रूप से मनुष्यों में केवल एक ही जाति है और वह जाति है 'मनुष्य' जाति, अन्य 'जाति' नहीं है। जाति का अर्थ है उद्भव के आधार पर किया गया वर्गीकरण। न्याय सूत्र यही कहता है 'समान प्रसवात्मिका जाति:' अथवा जिनके जन्म का मूल स्त्रोत सामान हो (उत्पत्ति का प्रकार एक जैसा हो) वह एक जाति बनाते हैं। ऋषियों द्वारा प्राथमिक तौर पर जन्म-जातियों को चार स्थूल विभागों में बांटा गया था । **1. उद्भिज:**-धरती में से उगने वाले जैसे पेड़, पौधे, लता आदि। **2. अंडज:**-अंडे से निकलने वाले जैसे पक्षी, सर्प आदि। **3. पिंडज:**-स्तनधारी-मनुष्य और पशु आदि। **4. उष्मज:**-तापमान तथा परिवेशीय स्थितियों की अनुकूलता के योग से उत्तपन्न होने वाले जैसे सूक्ष्म जीवाणु, कीटाणु व बैक्टेरिया आदि। इस प्रकार हर जाति विशेष के प्राणियों में शारीरिक अंगों की समानता पाई जाती है। एक जन्म-जाति दूसरी जाति में कभी भी परिवर्तित नहीं हो सकती है और न ही भिन्न जातियां आपस में संतान उत्तपन्न कर सकती हैं। अत: प्राकृतिक रूप से जाति प्रकृति निर्मित है (वर्तमान जाति का विकृत रूप अर्थात् वर्ण व्यवस्था मानव निर्मित है)। जैसे विविध प्राणी हाथी, सिंह, खरगोश इत्यादि भिन्न-भिन्न जातियां हैं। इसी प्रकार संपूर्ण मानव समाज एक जाति है। ब्राम्हण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र किसी भी तरह भिन्न जातियां नहीं हो सकती हैं क्योंकि न तो उनमें परस्पर शारीरिक बनावट (इन्द्रियादी) का भेद है और न ही उनके जन्म स्त्रोत में भिन्नता पाई जाती है। कालान्तर में जाति शब्द का प्रयोग किसी भी प्रकार के वर्गीकरण के लिए प्रयुक्त होने लगा और इसीलिए हम सामान्यतया विभिन्न समुदायों को ही अलग जाति कहने लगे; जबकि यह मात्र व्यवहार में सहूलियत के लिए प्रयोग किया जाता था। सनातन सत्य यह है कि सभी मनुष्य एक ही जाति के हैं।

समाजिक विघटन व गोत्र प्रणाली/परंपरा का इतिहास:-

धरती के मूल मनुष्य तो आज भी वानर, चिंपाजी और वनमानुष की श्रेणी में ही आते हैं। माना जाता है कि उनमें से भी कई जातियां तो लुप्त हो गई है; जो अर्धमान जैसी थी। एक विशेष रंग और रूप के मनुष्यों ने अपनी रंग और सौंदर्यता को बरकरार रखने के लिए दूसरे मनुष्यों से रोटी-बेटी के कभी संबंध नहीं बनाए। यह संबंध नहीं बनाना ही समाज में फर्क पैदा करते गया। इस तरह समाज दो भागों में विभक्त हो गया। फिर जिन मनुष्यों ने अपने समूह से निकलकर दूसरे समूह से संबंध बनाए, उनको समाज और क्षेत्र से बहिष्कृत कर दिया गया। इस तरह समाज में तीन भाग हो गए। इससे समाज में फर्क बढ़ता रहा तो संघर्ष भी बढ़ता गया। एक तरफ वे लोग थे, जो खुद को श्रेष्ठ मानते थे और दूसरी तरफ वे लोग थे, जो खुद को अश्रेष्ठ मानने वालों के खिलाफ लड़ते थे और तीसरी ओर वे लोग थे; जिन्होंने श्रेष्ठ और अश्रेष्ठ की दीवार को तोड़कर एक नए समाज की रचना की और इस तरह क्षेत्र विशेष में तीन तरह की सत्ता अस्तित्व में आई। मजेदार बात यह कि जिन्होंने दीवार को तोड़कर एक नए समाज की रचना की थी उन्होंने भी अपने नियम बनाए कि वे समाज से

बाहर जाकर कोई तथाकथित किसी श्रेष्ठ या अश्रेष्ठ से संबंध न बनाएं। बस, इसी तरह 3 से 30 और फिर 1530 होते गए (भारत वर्ष में कूर्मियों के 1530 उपजातियाँ हैं)। ऐसे समय में शुद्धता के प्रति समाजों में और कट्टरता बढ़ने लगी। लेकिन इन सबके बीच एक नियम काम का और वह था 'गोत्रज' प्रणाली ।

गोत्र रखने का पहला कारण :- गोत्र पहले सामाजिक एकता का आधार था, लेकिन अब धीरे-धीरे विलुप्त हो रहा है। गोत्र क्यों जरूरी है? यह इसलिए कि एक ही कुल से कोई ब्राम्हणी कार्य करता था तो कोई क्षत्रिय, तो कोई वैश्य और कोई शूद्र कर्म करता था। ऐसे में गोत्र से ही उसकी पहचान होती थी। अब आप स्वयं चिन्तन कीजिए कि क्या कौरव और पांडव क्षत्रिय थे? क्या वाल्मीकि ब्राम्हण थे? वर्तमान युग के हिसाब से कृष्ण कौन थे? यह पक्के तौर पर कहा जा सकता है कि हमारे ऋषि-मुनि वर्तमान में प्रचलित किसी भी वर्ण या जाति के नहीं थे। पुराण तब लिखे गए जबकि जाति और वर्ण का बोलबाला था। पहले तो ऐसा था कि क्षत्रिय और ब्राम्हण आपस में विवाह करते थे, लेकिन गोत्र देखकरऔर यदि क्षत्रिय का गोत्र भी भारद्वाज और ब्राम्हण का गोत्र भी भारद्वाज होता था तो यह विवाह नहीं होता था, क्योंकि ये दोनों ही भारद्वाज ऋषि की संतानें थी। पहले ये चार वर्ण रंग पर आधारित थे फिर कर्म पर और बौद्धकाल में ये जाति पर आधारित हो गए। जब से ये जाति पर आधारित हुए हैं समाज का पतन होना शुरू हो गया।

गोत्र रखने का दूसरा कारण :- गोत्र को शुरुआत से ही बहुत महत्व दिया जाता रहा है। बहुत से समाज ऐसे हैं, जो गोत्र देखकर ही विवाह करते हैं। आपने विज्ञान गुणसूत्र (Chromosome) के बारे में पढ़ा ही होगा। गुणसूत्र का अर्थ है; वह सूत्र जैसी संरचना, जो संतति में माता-पिता के गुण पहुंचाने का कार्य करती है। गुणसूत्र की संरचना में दो पदार्थ विशेषत: सम्मिलित रहते हैं-(1) डी-आक्सीराईबोन्यूक्लिइक अम्ल (De-oxryibonucleic acid) या डीएनए (DNA), तथा (2) हिस्टोन (Histone) नामक एक प्रकार का प्रोटीन; जिसकी व्याख्या बहुत विस्तृत है। सामान्यत: प्रत्येक जोड़े में एक गुणसूत्र माता से तथा एक गुणसूत्र पिता से आता है। इस तरह प्रत्येक कोशिका में कुल 46 गुणसूत्र होते हैं; जिसमें 23 माता व 23 पिता से आते हैं। अत: कुल जोड़े 23 है। इन 23 में से एक जोड़ा लिंग गुणसूत्र कहलाता है; जो होने वाली संतान का लिंग निर्धारण करता है अर्थात 'पुत्र' होगा या 'पुत्री'। यदि इस एक जोड़े में गुणसूत्र XX हो तो संतान 'पुत्री' होगी और यदि XY हो तो संतान 'पुत्र' होगा। यदि दोनों में X समान है, जो माता द्वारा मिलता है और शेष रहा वो पिता से मिलता है। अब यदि पिता से प्राप्त गुणसूत्र X तो XX मिलकर 'स्त्रीलिंग' निर्धारित करेंगे और यदि पिता से प्राप्त Yहो तो 'पुल्लिंग' निर्धारित करेंगे। इस प्रकार X पुत्री के लिए व Y पुत्र के लिए होता है। अत: पुत्र-पुत्री का उत्पन्न होना माता पर नहीं, पूर्णतया पिता से प्राप्त होने वाले X अथवा Y गुणसूत्र पर निर्भर होता है अर्थात महत्वपूर्ण Y गुणसूत्र हुआ, क्योंकि Y गुणसूत्र के विषय में हम निश्चिंत हैं कि यह पुत्र में केवल पिता से ही आया है। बस इसी गुणसूत्र का पता लगाना ही 'गौत्र प्रणाली' का एकमात्र उदेश्य था । हमारे ऋषियों ने इस वैज्ञानिक पद्धति को पूर्व में ही जान लिये थे।

वैज्ञानिक कहते हैं कि गुणसूत्रों के बदलाव से कई तरह की बीमारियों का विकास होता है। इसलिए विवाह के दौरान जहां गोत्र देखा जाता है; वहीं ज्योतिष पद्धति अनुसार गुणों का मिलान भी होता है। आज भी समगोत्री विवाह वर्जित माना गया है। इसके अलावा पुराणों में स्त्रियों की कोई जाति या वर्ण नहीं होने की व्याख्या मिलते है।

कूर्मि शब्द का अर्थ एवं व्याख्या : -

1. कूर्मि शब्द संस्कृत के कूर्म धातु से बना है; जिसका अर्थ कू+रमी। कू अर्थात् भूमि, पृथ्वी तथा रमी अर्थात् रमन करने वाला अथवा भूमिपति/राजा। कूर्मि वह जाति का द्योतक है, जिसका कर्मक्षेत्र भूमि है। कूर्मि समुदाय द्वारा लिखे जाने वाले शब्द के संबंध में निम्नानुसार तथ्य परख बाते है:-

2. कूर्मि- कु अर्थात पृथ्वी और उर्मि अर्थात गोद। इस प्रकार कूर्मि शब्द से तात्पर्य है पृथ्वी की गोद में पलने वाला या पृथ्वीपुत्र। कहा भी गया है- भूमि मेरी माता है और मैं उसका पुत्र हूँ।

3. कूरम-कू अर्थात पृथ्वी और रम अर्थात पति या बल्लभ। अत: कूरम शब्द का अर्थ है भूपति या पृथ्वीपति जो कि क्षत्रिय शब्द का पर्यायवाची है। तात्पर्य है- क्षेत्रात् रमेत स: क्षत्रिय:।

4. व्याकरण की दृष्टि से कूर्मि शष्द में इनि (इन्) प्रत्यय लगाने से ''कूर्मिन'' शब्द बनता है। कूर्मिन से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग कूर्मि शब्द बनता है, जो कि अत्यंत प्राचिन तत्सम रूप है। कालान्तर में कूर्मि का अपभ्रंश अर्थात् तद्भव रूप या बोलचाल में कुर्मी, कुरमी, कुण्बी, कुनबी, कुडमी, कालबी होता गया। बोलचाल व प्रचलन में आने के कारण शासकीय दस्तावेज में भी कुरमी, कुर्मी, कुरमी, कुण्बी, कुनबी, कुडमी, कालबी आदि शब्द प्रयोग होने लगा।

अत: कूर्मि शब्द व्याकरण सम्यक तत्सम रूप है और उसका अपभ्रंश अर्थात् तद्भव रूप या बोलचाल में कुर्मी, कुरमी, कुण्बी, कुनबी, कुडमी, कालबी शब्द है। कूर्मि का शाब्दिक अर्थ है- कर्मशील, पराक्रमी। तुवि कूर्मि कार अर्थात अत्यन्त कार्यकुशल, महान पराक्रमी, महान कर्मयोगी। इस प्रकार महान कूर्मि कर्मयोगी है और वह स्तुति, सत्कार तथा आह्वान के योग्य है।

जाति विभाजन पश्चात कूर्मि जाति/समाज से संबंधित प्रमुख अवधारणाएँ :-

कुरमी जाति अति प्राचीन जाति है। दरअसल यह सभी भारतीय जातियों की जननी है, जैसे संस्कृत को सभी भारतीय भाषाओं की जननी कहा गया है। कुरमी समुदाय आदिकाल से चला आ रहा वह कृषक समाज है, जो भिन्न-भिन्न दौर से गुजरता हुआ, काल-चक्र के अनगिनत उतार-चढ़ाव देखता हुआ तथा परिस्थितियों से अनवरत जूझता रहा। इन आदि कृषकों ने क्षत्रित्व/राजसी जीवन प्रणाली तजकर अपने कुटुम्ब परिवारों के साथ ग्राम बसाकर एक स्थान पर जम कर रहना प्रारम्भ किये। इन परिवारों को कुटुम्ब कहा जाता था और परिवार के सदस्यों की जाति-बोधक संज्ञा कुटुम्बिन बन गयी। कालान्तर में कुनबी समुदाय देश में अन्यान्य क्षेत्रों में जहाँ अन्य लोग बसे, पहुंचे व कृषि कार्य को अपनाये रखा और स्थानान्तरण के कारण भाषा भेद से प्रभावित होकर उनका जाति-बोधक नाम कूर्मि, कुर्मी, कुरमी, कुनवी, कण्वी, कणयी, कुरमी, कुलमी, कुलवी, कुम्मा,

कावू, कूर्मा, कोमरी, आदि होता चला गया। वर्तमान कुरमी और कुनवी शब्द प्राचीन कुटम्बिन शब्द के अपभ्रंश है। हिन्दी भाषी क्षेत्र के प्रमुख कुर्मी कुल:-चन्देल, चन्द्रनाहु, धमैला, अवधिया, पाटनवार, कोचैसा, मनवा, दिल्लीवार, बैसवार, गंगवार, तेलंग, घोड़चढ़े, दोजवार, क्षत्रिय, सवान, सोनवान, सैंभवार, कनुक, कटियार, रमैया, गौहाई, समसवार, जयसवार, बड़गैहा, सिंगरौल, गभेल, गहवई, तिरहुती, चन्द्रौल, कनौजिया, राजवाड़े, सराठे, श्रेष्ठी, मतालिया, देशहा, कुड़मी, मधुरवार, बड़वार, शंखवार, टिंडवार, सतवाड़ा, गौर, उसरेटे, सिंगौर, सनोढ़िया, निरंजन, कैवर्त, अथरिया, खरेविन्द, गुजराती, यदुवंशी, पटेल, ठाकुर, राठौर, परिहार, गहरवार, शिरंगा, चन्द्रा इत्यादि है।

कूर्मि क्षत्रिय वे लोग थे जो आम समय में किसान के रूप कृषि कार्य करते थे तथा वे प्रजापालक ही थे क्योंकि वे अन्न उपजाते थे; जिससे सभी का भरण-पोषण होता था। कृषि कार्य के कारण इनकी शारीरिक मेहनत अधिक होती थी और शरीर बलशाली होता था तथा किसी आक्रमण के समय ये सेना में भूमिका निभा कर अपने राज्य की रक्षा करते थे। इनका ही सरदार राजा हुआ करते थे। ये किसी भी जगह कुनबा बना कर एक साथ रहते थे इसलिए कुनबी कहलाते थे; जो कालान्तर में अपभ्रंषित होकर कुर्मी/ कूर्मि कहलाए । वर्ण व्यवस्था के समय जो छत्र (हथियार) उठाकर लड़ाई किए वो स्वाभविक रूप से छत्रिय (लड़ाका, राजा के सेना का हिस्सा) कहलाता था। हमारे पूर्वज वर्ण काल में सेना के हिस्सा थे अर्थात राजाओं के सेना में योग्यतानुसार विभिन्न पदों पर सेना के कमान सम्हालते थे बाद में शांति काल में उनका कार्यकुशलता मेहनत, ईमानदारी, जांबाजी, जुझारूपन से प्रभावित होकर उनको महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपा गया; वो है अन्न उत्पादन का। इस प्रकार विश्राम के समय में राजा के सरहद के अंदर तमाम कृषि भूमि पर कृषि कार्य का संचालन हमारे पूर्वजों के द्वारा होते थे और जो अन्न पैदा करके, राजकोष में जमा करते थे।

अत: भिन्न भाषा क्षेत्रो में किसान जातियों के पुंज में अलग-अलग जातिया हैं। एक जाति पुंज के अंतर्गत आने वाली इन जातियों की भिन्न-भिन्न उत्पत्ति हैं तथा इनमे अधिकांश के किसी क्षेत्र में आबाद होने के काल भी भिन्न-भिन्न हैं। कुनबी अथवा कुर्मी जाति पुंज के अंतर्गत आने वाली अधिकांश जातिया भारतीय अनुसूचित जनजातिया की तरह प्रोटो-ओस्ट्रोलोइड नस्ल की हैं। प्रोटो-ओस्ट्रोलोइड मूल के लोग मध्य कद काठी के श्याम वर्ण के लोग हैं। अधिकांश भारतीय अनुसूचित जनजातिया भी प्रोटो-ओस्ट्रोलोइड नस्ल की हैं, जैसे- भील, शबर, संथाल आदि।

कूर्मि समाज का ऐतिहासिक प्रमाण

कूर्मि जाति का इतिहास उतना ही पुरातन है, जितना कि मानव जाति। महाभारत, आदिपर्व 65/11 में ''कश्यपातु तु इमा प्रजा:।'' अर्थात कूर्म कश्यप मानव जाति का आदि पुरूष था। सम्पूर्ण प्रजाएँ कूर्म कश्यप से ही उत्पन्न कहा गया है। अत: कूर्म कश्यप को सम्पूर्ण मानव जाति का पूर्वज माना गया है। संसार की सारी ही जातियाँ कूर्म-कश्यप से उत्पन्न हुई हैं, परन्तु वे देश काल और परिस्थितियों के कारण अपने मूल पुरूष को भूल गये हैं। लेकिन कूर्मि जाति, आज भी अपने आदि

पुरूष को गौरव के साथ नाम धारण करके उसकी कीर्ति को अमर किये हुए हैं। कूर्म कश्यप की सन्तान उस आदि पूर्वज के नाम पर स्वयं को कूर्मि, कुर्मी, कुर्मवंशी, कण्वी, कश्यप, कश्यपगोत्री, कापु, कापेचार, कुड़मी आदि मानते और कहते हैं।

सृष्टि के आदिकाल में ''कूर्म कश्यप'' ने सृष्टि प्रारम्भ किया और तमसावृत वाष्पी वातारण में अभेद्य अंधकार और अपार तरल सलिल के भीतर प्रविष्ठ हो उत्पत्ति के उपयुक्त उपादानों को संग्लन किया, जिससे क्रमशः पृथ्वी का ठोस रूप में प्रादुर्भाव हुआ और उस पर प्रजोत्पत्ति हुई। कूर्म कश्यप की संतानों ने अपने जनक से पूछा कि वे पृथ्वी पर किस नाम से जाने जायेंगे और उनका क्या काम होगा। कूर्म कश्यप ने अपनी संतानों को पृथ्वी रमण करने और दोहन करने का काम सौंपा और कहा कि चूँकि तुम्हारा काम पृथ्वी पर रमण करने का है, इसलिए तुम कूर्मि नाम से जाने और पहचाने जाओगे। ***'कू'*** का अर्थ पृथ्वी होता है और ***'रमी'*** का अर्थ रमण करने वाला अर्थात पृथ्वी पर रमण करने वाला ही कूर्मि, कुर्मी या कुरमी, कुलमी कहलाता है। कूर्म अर्थात पृथ्वीदाता, भूमिपुत्र जिसका कर्म (क्षेत्र) भूमि हो, कृषि हो-कृषक कहलाता है। व्याकरण की दृष्टि से कूर्म शब्द में इनि (इन्) प्रत्यय लगाने से कूर्मिन शब्द बनता है। कूर्मिन से प्रथम विभक्ति के एक वचन में पुल्लिंग 'कूर्मि' 'कुर्मी' शब्द बनता है, जो अत्यन्त प्राचीन शब्द है। कूर्म शब्द का अर्थ स्वर्ग, पृथ्वी ,रस और प्राण इत्यादि होता है। अतः कूर्मि शब्द का अर्थ हुआ अत्यन्त पराक्रमी, तेजस्वी, प्राणवान, बलवान, पृथ्वीपति (भूपति या राजा)। स्पष्ट है कि ये सभी गुण एक क्षत्रिय के हैं, जिसकी प्राचीनता का प्रमाण वेद और पुराणों में भी अनेक मन्त्रों से मिलता है। कूर्मि इन्द्रवाची है। कूर्म, कश्यप और ब्रह्म तीनों एक ही है, और वे ही सृष्टि के मूल निर्माता हैं। वेदशास्त्रों के अनुसार कूर्म का अर्थ सूर्य, इन्द्र तथा कश्यप होता है। कूर्मि शब्द का अवतरण कूर्म शब्द से हुआ है। अतः कूर्म, कश्यप और ब्रह्म में कोई भेद नहीं है और वे ही मानव जाति के आदि पुरूष थे।

शतपथ ब्राम्हण 7/5/1/5 में भी कहा गया है कि- ***''स यत्कूर्मो नाम एतदै रूपं कृत्वा प्रजापतिः प्रजा असृजत यदसृजत। करोत्तंद्यद करोत्तस्मात्कूर्मः कश्यपो वै कूर्मस्तस्मादाहुः सर्वाः प्रजाः काश्यप्य इति।''***

अर्थात् ''उस सृष्टिकर्ता का नाम कूर्म है। कूर्म का रूप धारण करके ही प्रजापति ने सम्पूर्ण प्रजाओं का सृजन किया। सृष्टि का सृजन करने के कारण ही उसे कूर्म कहा जाता है। कश्यप ही कूर्म हैं। इसी कारण समस्त प्रजाएँ कश्यप अर्थात् कश्यप से उत्पन्न कही जाती है।''

ऋग्वेद 8/16/8 में कहा गया है कि -

''स स्तोभ्यः स हव्य सत्वः सत्वा। तुवि कूर्मिः एकश्चित् सत्रभि भूति।।''

अर्थात् ''महान कूर्मि कर्मयोगी है और वह स्तुति सत्कार तथा आह्वान के योग्य होता है, वह सत्य स्वरूप और महाबली होता है। वह अकेले भी विघ्न बाधाओं और शत्रु समूहों से कभी पराजित नहीं होता - सदा विजयी होता है।

कूर्मि प्रागैतिहासिक काल से है, तब तक तो वर्ण-व्यवस्था अनुसार समाज का विभाजन

भी नहीं हुआ था, तब समाज में समता थी। कूर्मियों का अतीत प्रागवैदिक काल से, वैदिक काल और उससे पीछे इधर बौद्ध काल तक बड़ा उत्कृष्ट तथा शानदार रहा है। बौद्धकालीन भारत को पुनः सनातनी ढाँचे में बदलने में सामाजिक आपाधापी मची, जिससे बहुत से जातियों को कट्टर पुरोहितवाद का कोप भाजन बनना पड़ा। ऐसे लोगों को किसी काल में समाज का सर्वे -सर्वा बनाने का कार्य किया गया,जिन्होंने ब्राम्हणों को श्रेष्ठ माना और उनके अच्छे, बुरे आदेशों का पालन करते रहे। मध्यकालीन भारत में विशेष रूप से राजपूतों की मदद से ब्राम्हणों ने वैमनस्य तथा स्वार्थवश उनके वर्चस्व को अस्वीकार्य करने वाली अनेक जातियों को वर्णच्युत तक करने का कुत्सित प्रयास किया, जिसमें उन्हें अच्छी सफलता भी मिली। इसी काल में अन्य प्राचीन क्षत्रिय जातियों के साथ ही कूर्मियों के संबध में भी अनेक भ्रान्तियाँ फैलाई गई।

जिस समय संसार की अन्य जातियाँ सभ्यता की प्राचीन अवस्था में थी, उस समय भारत में कूर्मि क्षत्रिय महान साम्राज्यों के स्वामी थे तथा वे कला और साहित्य के संरक्षक थे। विश्व में ऐसी कोई भी अन्य जाति नहीं, जिसने इतने लम्बे समय से क्षत्रिय धर्म का मनसा, वाचा और कर्मणा पालन करता आ रहा हो। लेकिन सभी क्षत्रिय कूर्मि नहीं हैं, जबकि सभी कूर्मि जाति के लोग निःसन्देह क्षत्रिय हैं। कूर्मि मूल क्षत्रिय जाति है जो वैदिक काल से ही कूर्मि जाति को स्थिर जीवी में परिणित किया है। लोग देश, काल और परिस्थितियों के कारण अपने मूल पुरूष कूर्म कश्यप को छोड़ते चले गये हैं। लेकिन कूर्मि या कूर्मी जाति के लोग आज भी अपने आदि पुरूष को गौरव के साथ धारण करके उसकी कीर्ति को अमर किये हुए हैं।

कूर्म-कश्यप की कीर्ति महान गोत्र प्रवर्तक के रूप में भी अमर है। महाभारत, शांति-पर्व 296/17, **''मूल गोत्राणि चत्वरी सकुत्पन्नानि भारत। अंगिरा कश्यपश्चैव वसिष्ठो भृगरेव च।।''** के अनुसार आरम्भ में अंगिरा, कश्यप, वशिष्ठ और भृगु नामक चार ऋषि ही कूल गोत्र प्रवर्तक थे, और-शेष गोत्रों के प्रवर्तक बाद में हुए। कश्यप चूँकि मानव जाति के आदि पुरूष थे, अतः जिस व्यक्ति को अपने गोत्र का ज्ञान नहीं होता वह भी बिना किसी संकोच के कश्यप को ही अपना गोत्र प्रवर्तक मानकर कश्यप गोत्र रख लेता है, क्योंकि वे सभी के पूर्वज ही हैं। आज भी कश्यप गोत्र सर्वाधिक लोकप्रिय और बड़ा है। उपर्युक्त विवेचन से स्पष्ट है कि अति प्राचीन काल में उसी महान कूर्म कश्यप के वंशज कूर्मवंशी कहलाए। अतः कूर्मि निःसन्देह क्षत्रिय हैं। कूर्मि शब्द का अपभ्रंश कालान्तर एवं स्थानांतरण द्वारा कुर्मी, कुरमी, कुण्वी, कनवी, कुडमी, कालवी आदि होता गया। कूर्मि शब्द का अस्तित्व वेद और पुराणों में अनेक मन्त्रों में मिलता है। देवराज इन्द्र को तुवि कूर्मि अथवा महान कूर्मि वेद के अनेक मंन्त्रों में कहा गया है। कूर्मि ऋषि तथा इन्द्र की पत्नी इन्द्राणी भी वेद के अनेक मन्त्रों की दृष्टा एवं प्रकटकर्ता रही है ।

सूर्यवंश या कूर्मवंश ही प्रमुख क्षत्रिय वंश है। समूचे भारत में इसके अनेक कुल और वंश आज कूर्मि जाति के कुलों और वंशों के रूप में मिलते हैं। कालान्तर में किसी प्रसिद्ध राजा या ऋषि आदि के नाम पर भी कुछ कूर्मि लोग अपनी वंश परम्परा मानते हैं; किन्तु समस्त कूर्मि जाति का

उद्भव मुख्य रूप से कूर्मवंश या सूर्यवंश से होने के कारण कूर्मि जाति अपने को कूर्मवंशी कहती है। जिस प्रकार कुरू के वंशज कौरव, पाण्डु के वंशज पाण्डव तथा यदु के वंशज यादव कहलाये, उसी प्रकार महर्षि कूर्म के वंशज कौर्मि के नाम से विख्यात हुए। वर्तमान समय में कूर्मि, कुटुम्बी, कुनबी, कुलंबी आदि उसी के ही अपभ्रंश रूप हैं। महर्षि कूर्म के वंशज कूर्मवंशीय क्षत्रिय के नाम से जाने जाते हैं। बाम्बे गजेटियर बेलगाम जिल्द-21 के अनुसार कुनबी (कुर्मी) लोगों के कुल सम्बन्धी नाम 292 हैं। सम्पूर्ण संख्या में से 102 की उत्पत्ति चन्द्र वंश से, 78 की उत्पत्ति सूर्य वंश से तथा 81 की उत्पत्ति ब्रम्ह वंश से मानी जाती है। शेष 31 कुलों के सम्बन्ध में कहा जाता है कि उनका सम्बन्ध विविध वंशों से है।

महर्षि पंतजलि ने व्याकरण महाभाष्य (1.1.1) में 'गौ' शब्द का उदाहरण देकर बतलाया है कि किस प्रकार एक मूल शब्द अपभ्रंश के कारण अनेक रूप धारण कर लेता है। मूलत: यह कूर्मि क्षत्रिय जाति उस सभ्यता की जनक है; जिसने कृषि का आविष्कार करके उसकी गति की और आर्यो को यायावर (घुमक्कड़) जीवन की अवस्था से स्थिर जीवन शैली वाली श्रेष्ठ और सुसंस्कृत जाति के रूप में परिणित किया। आर्यो के पूज्यतम देवराज इन्द्र थे, जिन्हें अनेक वैदिक मंत्रों में 'तुवि कूर्मि' अर्थात महान पराक्रमी कर्मयोगी कहा गया है (ऋग्वेद, 3.10.3)।

कूर्मि का शाब्दिक अर्थ है- कर्मशील, पराक्रमी। तुवि कूर्मि का अर्थ है- अत्यन्त कार्यकुशल, महान पराक्रमी, महान कर्मयोगी। महान कूर्मि कर्मयोगी है और वह स्तुति, सत्कार तथा आह्वान के योग्य है। वह सत्यस्वरूप और महाबली है। वह अकेले भी विध्नबाधाओं और शत्रुसमूहों से कभी भी पराजित नहीं होता, सदैव विजयी होता है (ऋग्वेद, 8.16.8)।

वैदिक कालीन सुप्रसिद्ध मनीषी महर्षि कूर्म की वंशधर कूर्मवंशी क्षत्रिय जाति भारत की ही नहीं अपितु विश्व की प्राचीनतम विशुद्ध क्षत्रिय जाति है। कुरमी का शाब्दिक अर्थ भी सार्थक है। कु अर्थात पृथ्वी, रमी अर्थात रमी हुई या संलग्न। कुरमी अर्थात वह व्यक्ति या जाति जिसका कर्मक्षेत्र भूमि है।

ऐतिहासिक प्रमाणों से यह तथ्य उजागर होता है कि कूर्मि जाति के पूर्वज उच्च कोटि के विशुद्ध पराक्रमी तथा शूरवीर क्षत्रिय थे। कूर्मि जाति विशुद्ध क्षत्रिय वर्ण की है, इसके अतिरिक्त कुछ भी नहीं है। कूर्मि जाति के आदि पूर्वज महर्षि कूर्म क्षत्रिय थे। अत: उनके वंशजों का क्षत्रित्व स्वयं सिद्ध है (लघु नारदीय उपपुराण, चन्द्रवंशीय राजर्षि वर्णन, श्लोक 41 और 56)।

यह अप्रतीम, अद्वितीय एवं वज्रबाहु महान कूर्मि सनातन काल से जगत को जीवनोपयोगी पदार्थ निश्चित तथा निर्बाध रूप से प्रदान करता आ रहा है (ऋग्वेद, 8.2.31)।

कूर्मि का जीवन कर्मशीलता, साहस, संग्राम, संघर्ष, आशा, उत्साह, उमंग तथा उल्लास का होता है। वह साहस के साथ संकटों का सामना करता है। वह संसार में परिस्थितियों का कभी दास नहीं बनता, अपितु उनका स्वामी बनकर जीवन को ज्योतिर्मय बना लेने में समर्थ होता है। वह मंगलमयी, आशामयी, उदात्त भावनाओं का केन्द्र है। वह अपने चारों ओर, न केवल अपनी जाति में,

न केवल अपने देश या राष्ट्र में, न केवल पृथ्वी पर, अपितु समस्त विश्व में सुख, शान्ति, सौमनस्य, सौहार्द तथा प्रकाश का साम्राज्य चाहता है। उसका दृष्टिकोण अत्यधिक विशाल होता है (ऋग्वेद, 6.52.5)।

बृहत् हिन्दी कोश (सम्पादक कालिका प्रसाद, ज्ञानमण्डल, वाराणसी, पृष्ठ-303) में कूर्म शब्द के अर्थ हैं- कूर्म- विष्णु के दस अवतारों में से दूसरा कच्छपावतार, कूर्मक्षेत्र- एक हिन्दू तीर्थ, कूर्म पुराण- 18 पुराणों में से एक, जिसमें कूर्मावतार की कथा है। कूर्म कश्यप चूंकि प्रजापालक और सृष्टा थे, अत: उन्हें प्रजापति भी कहा गया है (शतपथ ब्राम्हण, 7.5.1.5)।

कूर्म शब्द इतना व्यापक हुआ कि आकाश और पृथ्वी का नाम ही कूर्म पड़ गया (यजुर्वेद, 24.34 और शतपथ ब्राम्हण, 7.5.1.5)।

कूर्मि- कु अर्थात पृथ्वी और उर्मि अर्थात गोद। इस प्रकार कूर्मि शब्द से तात्पर्य है पृथ्वी की गोद में पलने वाला या पृथ्वीपुत्र। कहा भी गया है- भूमि मेरी माता है और मैं उसका पुत्र हूँ। कूरम- कु अर्थात पृथ्वी और रम अर्थात पति या बल्लभ। अत: कूरम शब्द का अर्थ है भूपति या पृथ्वीपति जो कि क्षत्रिय शब्द का पर्यायवाची है। कहा गया है- क्षेत्रात् रमेत स: क्षत्रिय:।

इन्साइक्लोपीडिया ब्रिटेनिका (चौदहवां संस्करण, 1768 ई. जिल्द-13, पृष्ठ-517) में कुनबी जाति के बारे में कहा गया है- कुनबी, महान हिन्दू कृषक जाति है, जो मुख्यत: पश्चिमी भारत में पायी जाती है। यह मद्रास के तेलगू प्रदेश के कापू, बेलगाम के कुलबी, दक्षिण के कुलम्बी, दक्षिणी कोकण के कुलवदी, गुजरात के कणबी तथा भड़ोच के पाटीदारों के समरूप है। कुनबियों में विधवा पुनर्विवाह तथा बहुपत्नी प्रथा को सामाजिक स्वीकृति है; किन्तु बहुपत्नि प्रथा बहुत कम व्यवहार में है। वर्षाऋतु के मध्य में मनाया जाने वाला 'पोला' कूर्मियों का प्रमुख त्योहार है। इसमें वे हल-बैलों का जुलुस निकालते हैं। नृवंशीय दृष्टि से महरट्टा (मराठा) तथा कृषिकर्मी कुनबी समान हैं। दोनों में ही विशिष्ट मौलिक पैतृक गुण हैं। कुनबी (गृहस्थ वैदिकोत्तर संस्कृत कुटुम्बिक; जो आदिम शब्द का संस्कृत रूप हो सकता है) पश्चिमी भारत की महान कृषक जाति है। उत्तर में, जहाँ गंगा के अगल-बगल तथा उसके दक्षिण में यह जाति अधिक संख्या में है, वहॉ पर कुनबी नाम कुरमी हो जाता है।

वेदों के भाष्यकाराचार्य 'कूर्म' तथा 'कूर्मि' शब्दों की व्याकरण सम्मत व्याख्या करते हुए लिखते हैं- कूर्म: (रसो वीर्य तेजो वा) अस्ति अस्य इति कूर्मी अर्थात रसवान, वीर्यवान, तेजवान कूर्मी। जिसके पास जीवनरस, वीर्यबल तथा तेजस्विता रहती है, वही कूर्मि है। कूर्म: (प्रप्राणी बलं क्षत्रं राष्ट्रं वा) अस्ति अस्य इति कूर्मी अर्थात प्राणवान, बलवान, क्षत्रिय (क्षत्रपति), राष्ट्री (राष्ट्रपति) कूर्मी। जिसके अधिपत्य में प्रप्राण, बल, क्षत्र (क्षत्रियत्व अथवा राष्ट्रपतित्व) है, वही कूर्मि है। कूर्म: (भारतवर्ष देशो) अस्ति अस्य इति कूर्मी अर्थात कूर्म नामक भारतवर्ष जिसके आधिपत्य में है, वही कूर्मि है।

कर्मशीलता और दूरदर्शिता के बल पर ही परमात्मा ने इस सृष्टि की रचना की, इसलिए उसे 'कूर्म' और 'कश्यप' कहा जाता है। 'कूर्म' का शाब्दिक अर्थ 'कर्मशील' और 'कश्यप' का शाब्दिक

अर्थ 'दृष्टा' है। कर्म और ज्ञान दोनों की समन्वित शक्तियों के बल पर अभी भी सृष्टि का विकास हो रहा है। सृष्टिकर्ता को कूर्म कहा जाता है क्योंकि उसमें श्रेष्ठ कर्मशीलता और पराक्रम है। साथ ही वह महान ज्ञानी, सर्वदृष्टा और सूक्ष्मदर्शी है, इसलिए उसे कश्यप भी कहा जाता है। इस प्रकार कूर्म और कश्यप दोनों एक ही शक्ति के दो पहलू हैं। कश्यप ही कूर्म है और परमेश्वर का ही नाम कश्यप है (ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका, पृष्ठ-315)।

कश्यप, पश्यक अर्थात सर्वद्रष्टा होता है क्योंकि वह सब कुछ सूक्ष्मता के साथ देख लेता है (तैत्तिरीय अरण्यक, 1.8.8)। उस सृष्टिकर्ता का नाम कूर्म है। कूर्म का रूप धारण करके ही प्रजापति ने सम्पूर्ण प्रजाओं का सृजन किया। सृष्टि का सृजन करने के कारण ही उसे कूर्म कहा जाता है। कश्यप ही कूर्म है। इसी कारण समस्त प्रजाएँ काश्यप्य अर्थात कश्यप से उत्पन्न कही जाती है (शतपथ ब्राम्हण, 7.5.1.5)। सृष्टि और प्रजा का पालनकर्ता होने के कारण ही कूर्म को प्रजापति कहा गया है। कूर्म के अत्यन्त तेजस्वी होने के कारण उस आदित्य अर्थात सूर्य भी कहा गया है (शतपथ ब्राम्हण, 7.5.1.6)।

कूर्म-कश्यप, मानव जाति का आदि पुरूष था। सम्पूर्ण प्रजाएँ कूर्म-कश्यप से ही उत्पन्न हुई (महाभारत, आदिपर्व, 65.11)। यजुर्वेद में भी उसे प्रजापति और आदित्य दोनों कहा गया है (यजुर्वेद, 13.30 का महीधर भाष्य)। राजर्षि कूर्म सुप्रसिद्ध वैदिक ऋषि गृत्समद के पुत्र थे (ऋग्वेद, 1.27)। अति प्राचीन काल में उसी महान ऋषि कूर्म के वंशज कूर्मवंशी कहलाये। चूंकि कूर्म और सूर्य अर्थात आदित्य एक हैं इसलिए उन्हें सूर्यवंशी भी कहा जाता है। संसार की सारी जातियाँ कूर्म-कश्यप से उत्पन्न हुई हैं; परन्तु वे अपने मूल पुरूष को भूल गई हैं। महान गोत्र प्रवर्तक के रूप में कूर्म-कश्यप की कीर्ति अमर है।

'सयः स कूर्मोऽसौस आदित्यः' के अनुसार आदित्य (सूर्य) का नाम कूर्म है। अतः सूर्यवंश, कूर्मवंश का ही नामान्तरण है। उपरोक्त वंश संरचना से स्पष्ट है कि वैवस्वत मन्वन्तर के आद्य त्रेता युग के प्रारम्भ में मारीचि कश्यप हुए हैं (वायु पुराण, 6.43)। सम्पूर्ण मानव जाति के आदि पुरूष कूर्म कश्यप अत्यन्त पुरातन काल में विद्यमान थे। महर्षि कश्यप की पत्नी मनुर्भरतवंश के 45वीं पीढ़ी में उत्तानपाद शाखा के प्रजापति दक्ष की पुत्री अदिति थी (बृहद्वेता, 3.57)। इनसे 12 आदित्यों का जन्म हुआ। सबसे बड़े आदित्य वरूण तथा सबसे छोटे आदित्य विवस्वान (सूर्य) थे। इन्हीं विवस्वान या सूर्य से सूर्यवंश चला। विवस्वान के पुत्र मनु, वैवस्वत मनु जिनका मन्वन्तर चल रहा है.....

विभिन्न पुराण, ग्रंथ, साहित्य, दस्तावेज में कूर्मियों के ऐतिहासिक प्रमाण -

रामायण काल में -

कूर्म, कूर्मि - इन्दतु मम दीस्य, मनोभूयः प्रकर्षति ।
यदि हास्य प्रिया ख्यातु न कूर्मि सदृशं प्रियम्।।

रामभक्त हनुमान के लिए भी कूर्मि शब्द विशेषण के रूप में वाल्मीकी रामायण में मिलता है।

श्री राम कहते हैं कि मुझ दीन का मन फिर हनुमान की ओर आकर्षित होता है, क्योंकि प्रिय हित करने वाले हनुमान **कूर्मि** समान प्रिय मुझे और कोई नही है। वाल्मीकी ऋषि ने यहाँ हनुमान को महावीर तथा अन्य गुणों को ध्यान रखकर **कूर्मि** विशेषण से संबोधित किया है ।

हरिवंश पुराण -

हरिवंश पुराण के अध्याय 53 श्लोक 6/7 में रूक्मिनी के स्वयंवर में अतिबलशाली योद्धा के लिए **महाकूर्म** कहा गया है–

जरासंधः सुनीथश्च, दन्त वार्यवान साल्व सौभपतिश्चैव।

महाकूर्मश्च पार्थिक, कथकैशिक मुख्याश्च, नृपाः प्रवरवंशजा ।।

अर्थात् जरासंध, सुनीथ, पराक्रमी दन्तवक्र, साल्व, सौभपति, राजा महाकूर्म (मरूत, कुन्ति, भोज) और श्रेष्ठ वंशोत्पन्न कथ तथा कैशिक आदि राजेमहाराजे रूक्मिनी के स्वयंबर में शामिल हुए।

मार्कण्डेय पुराण-

मार्कण्डेय पुराण के 57/50 में पुलिन्द तथा सुमीन देशों के पश्चात् कुरूमी (कुरूमिन) देश का उल्लेख किया गया है–

पुलिन्दाश्च सुमीनाश्च रूपया : स्वापदै सह। तथा कुरूमिनश्चैव सर्व चैव कठाक्षरा :।

इस श्लोक में प्रयुक्त कुरूमिन शब्द भी कूर्मियों की प्राचीनता का साक्ष्य प्रस्तुत करता है।

कूर्मावतार -

भगवान विष्णु के दशावतारों में प्रथम मत्स्यावतार और दूसरा **कूर्मावतार** कहा गया है। कूर्म भगवान का अवतार उत्तराखंड में हुआ था, इसी से वह भूभाग पुराणों में **कूर्माचल** कहलाया। आजकल इसे कुमाऊँ कहा जाता है। जिस स्थान पर कूर्म भगवान अवतरित हुए थे, उस स्थान का नाम चम्पावत है। वहाँ पर कूर्म भगवान का भी मंदिर है जिसमें उनके चरण चिन्ह शिला पर अंकित है।

राजतरंगिनी एवं नीलमत पुराण में उल्लेख है कि कश्मीर की भूमि पहले जलमग्न थी। ऋषि कश्यप (कूर्म) ने उस जल को सोख लिया था ।

पं भगवदत्त कृत 'भारतवर्ष का इतिहास' द्वितीय संस्करण 1946 पृ. 44 अनुसार कश्यप और कूर्म एक ही शक्ति के द्योतक हैं । अर्थात् दोनों भिन्न रूप में न होकर एक रूपा है– कश्यपो वै कूर्म (श.ब्रा.7/7/1/5)। सागर मंथन के अवसर पर कूर्म–कच्छप का रूप धारण करके जगत का कल्याण व रक्षा करने वाले विष्णु भगवान को इसी कारण 'आदि कूर्म' विशेषण से संबोधित किया जाता है।

अनन्तो वासुकि : शेषो कराहो धरणीधरः। पयः क्षीर विवेकाढ्यो हंसो हैमगिरि स्थितः।।

हयग्रीवो विशालाक्षो हयकर्णो हमाकृतिः । मन्थनो रत्नहारी चं कूर्मोधर धराधरः ।।

–विष्णु सहस्त्रनामं स्तोत्र

भार्गव उप पुराण

उत्तरार्द्ध सूर्यवंशीय राजर्षि वर्णन अध्याय 15 में अंकित–

कूर्मि संज्ञां लभन्ते ते क्षत्रियाः कूर्म संज्ञकाः वंशजा :।

भूमिधारण कर्त्तारस्तुवि कूर्मि यथा दिवि ।।

भार्गव उपपुराण उत्तरार्द्ध सूर्यवंशीय राजर्षि वर्णन अध्याय 15 श्लोक 25,26,27 में वर्णन है–

वीतहव्यो नृपः कौर्मः सूर्यवंशस्य भूषणः। तत्पत्न्यां गृत्समदोऽभूह ह्याम्बिकायां महाबलः।।

तत्पुत्रोनामतः कूर्मो राजर्षि प्रवरः शुभः।मंत्र दृष्टा सदाचारः क्षात्रधर्मपरायण : ।।

तत्पुत्रा विष्मुसेनांद्याः कूर्मवंश विवर्धनाः ।तत्पुत्रैश्च प्रपोत्रैश्च व्याप्तं पण्डलम् ।।

अर्थात् कूर्मवंश में उत्पन्न सूर्यवंश की शोभा बढ़ाने वाला वीतहव्य नामक राजा हुआ। उनकी पत्नी अम्बिका से महाबली गृत्समद उत्पन्न हुए। उनके पुत्र कूर्म नामक अति श्रेष्ठ राजर्षि हुए । वे क्षात्र धर्मपरायण, सदाचारी और मंत्रदृष्टा हुए। कूर्म वंश की समृद्धि करने वाले विष्णु सेना आदि अनेक पुत्र हुए ।उनके पुत्रों और प्रपौत्रों से भू–मण्डल भर गया।

शतपथ ब्राह्मण -

प्राणो वै कूर्मो ! कूर्म को प्राण कहा गया है। इसी ब्राह्मण ग्रंथ में आगे प्राणो वै क्षत्रम् ! प्राण क्षत्र के वाचक रूप में प्रयुक्त है। पुनः इसी ग्रंथ में –

प्राणो वै बलम् ! प्राण, बल का वाचक है ।

''सयः स कूर्मो वयं सौ आदित्यः'' 'वृषा वै कूर्मो योषा साढ़'।

तदानुसार कूर्म, आदित्य सूर्य और वृषा यानी इन्द्र के नाम हैं।

''द्यावा पृथ्वीयो ही कूर्म : '' यानि स्वर्ग (द्यौ) और पृथ्वी का नाम कूर्म है। अब प्रश्न – कूर्म शब्द से कूर्मि कैसे संबंधित है? स्व.देवी प्रसाद सिंह चौधरी द्वारा रचित छत्र प्रभाकर से निम्न समाधान–

कूर्मि शब्द में तदस्यास्ति इति मतुप् अर्थ में संज्ञायांम्न्माभ्याम् (पाणिनी 5/2/137) द्वारा इनी (इन) प्रत्यय लगाने से कूर्मिन शब्द बनता है। फिर सौच (पाणिनी 6/4/13) हलड्याभ्यो, दीर्घात्सुतिस्य पृक्तं हल् (पा.8/1/68) और न लोपः प्रातिपदिक कांतस्य (प्रा.8/2/17) द्वारा कूर्मिन से प्रथमा विभक्ति के एक वचन में कूर्मि शब्द सिद्ध होता है। उक्त विवेचना के उपरांत लेखक द्वारा निम्न निर्णय दर्शित है– कूर्म : (द्यौ स्वर्गो वा) अस्तस्य कूर्म : दिवस्पतिः इन्द्र :।

कूर्मि : (पृथ्वी) अस्तस्य कूर्मि= पृथ्वीपतिः । Lord of the earth/king ।

कूर्म : (रसोविर्यवा) अस्तस्य कूर्मि = रसवान, वीर्यवान ।Spirits, Vigorous ।

कूर्म : (प्राणोबलं छत्रं वा) अस्तस्य कूर्मि = प्राणवान, बलवान, क्षत्रिय, स्ट्रांग, स्टाऊट ।

कूर्मि (प्रतिपादिक कूर्मिन) अति प्राचीन शब्द है और वेद में क्षत्रिय राज इन्द्र की संज्ञा में प्रयुक्त पाया जाता है।

मध्ययुगीन इतिहास

कृषि के आविष्कार के साथ ही कुटुम्ब या परिवार नामक संस्था का आविर्भाव और विकास हुआ; जो आज भी सामाजिक जीवन की महत्वपूर्ण इकाई के रूप में स्थापित है। कुटुम्ब के सदस्य को कुटुम्बिक कहा जाता था। धीरे-धीरे बोलचाल की भाषा में जिस प्रकार ब्राम्हण से बाभन, बम्भन, बाभन आदि शब्द बनते गये, लक्ष्मण से लखन, स्वर्णकार से सोनार, कुम्भकार से कुम्हार शब्द बने। वैसे ही लोक प्रचलन में कुटुम्बी का टु गायब हो गया और कुम्बी, कुरमी, कुणबी, कणवी आदि शब्द प्रचलन में आने लगे। कुटुम्ब को कुल भी कहा जाता था। कुल से कुलम्बी, कुलवदी, कुलमी, कुरमी, कूर्मा, कापू, कम्मा, कूर्मि क्षत्रिय आदि शब्द भारत के विभिन्न क्षेत्रों/ भागों में उच्चारण और प्रयोग भेद से प्रचलित होते गये।

कूर्मि या कुणबी; जिसे हिंदी में 'कूर्मि' व बोल-चाल में कुर्मी कहते है। गुजराती मे कणबी कहते है व झारखंड मे कुडमी कहते है तथा कन्नड/तमिल मे कुडूंबी, कुडूंबर कहते है। कुण का मतलब खेती और बी का मतलब बीज। खेती में बीज बोकर अनाज पैदा करनेवाला समाज कुणबी और धन के अथाह संग्रहाक बनने के कारण धनगर पहचान मिली। गर का मतलब गोदाम नियंत्रक (Store Incharge) छत्रपती शाहूजी महाराज के खुद की दो लडकियों की शादी धनगर समाज में की गई। कूर्मि समुदाय का मुख्यत: व्यवसाय कृषि है; जो अनाज पैदावार कर समाज का भरण-पोषण कर पूरे मानव समुदाय की रक्षा करते है। कृषि कार्य में पशु के योगदान को नकारा नहीं जा सकता है । अत: कूर्मि समाज सबसे बड़े पशु पालक समाज के रूप में भी जाना जाता है। हम जानते ही है कि समाज में संख्या बढ़ने के साथ अपने- अपने परिवार का भी बटवारा और पहचान भी अलग-अलग हो जाता है। अगर परिवार में सात आठ भाई है और सबकी शादी हो गई तो घर परिवार पृथक-पृथक में बट जाता है; किन्तु वे एक ही पिता के पुत्र है। उसी प्रकार कूर्मि समुदाय के विभिन्न फिरके या उपगोत्र समय के साथ-साथ पृथक-पृथक पहचान से जाने लगे। कूर्मि समाज एक जाति न होकर जीवन जीने की एक वृहद कुनबा या जीवन शैली का व्यापक रूप है। कृषि या जीवन अथवा समाज और राष्ट्र की जरुरत पूरी करने के लिए कूर्मि समाज ने आवश्कतानुसार तथा अपनी कुशलतानुसार व्यवसाय क्षेत्र चुना। किसी को बीज से तेल निकालने की महारत थी तो तेल निकालने का काम किया वह: तेली' कहलाने लगे। किसी ने फुल बागान का काम किया तो वह माली, किसीने पशुपालन का काम किया तो वह धनगर/गडरिया। किसी ने चमड़े का काम किया तो वह चमार, किसीने कपड़ा सिलाई की कुशलता दिखाई व कार्य किया तो वह दर्जी, किसी ने कपड़ा धोने का काम पसंद किया तो वह धोबी, किसी ने इन सारे समाज को धार्मिक कार्यक्रम में सहयोग दिया तो वह पुरोहित, किसी ने धातु से अलंकार की कुशलता दिखाई व काम किया तो सुनार, किसी ने लोहे के औजार बनाने का काम किया तो लुहार/लोहार, किसी ने लकड़ी के औजार बनाने का काम किया तो सुनार/विश्वकर्मा, किसीने भोजनार्थ मछली एवं पानी में नाव चलाने का काम किया तो वह कोली/काधी/नाविक, किसीने मिट्टी के बर्तन औजार बनाने की कुशलता दिखाई व काम किया तो

वह कुम्हार/कुंभार/कसार, किसी ने जंगल में प्रकृति के साथ रहना व संवर्धन का काम किया तो वह आदिवासी, किसी ने ग्रामस्वच्छता को ही राष्ट्रसेवा मानकर कार्य कुशलता व समर्पण दिखाई वह महार / वाल्मिकी समाज बन गया। यह बात अलग है की चालाक लोगों ने इस कार्य को सामाजिक उत्पीडन/अपमानित करने का माध्यम/ जरिया बना दिया।

इस व्यावसायिक निपूणता वाले वर्ग को आर्यो ने जैसे ही सत्ता पर कब्जा किया वैसे इन्हें व्यवसाय के अनुरुप इस व्यवसायिक वर्ग को 'जात' का दर्जा पहचान देकर बड़े पैमाने पर सामाजिक विभाजन कर दिया जिससे माली, तेली का नहीं रहा, धनगर, धोबी का नहीं रहा, कोली, सुनार का नहीं रहा, कुम्हार, लुहार का नहीं रहा इत्यादि। परंतु वस्तुत: यह सारा व्यावसायिक वर्ग मुलत: कुणबी/मराठा या कूर्मि का ही पृथक-पुथक स्वरूप है जो राष्ट्र और समाज की जरुरत पूरी करने के लिए अपनी कुशलता के अनुरुप कार्यक्षेत्र चुना और बाहरी आक्रांताओ ने सतत सत्ता मे नियंत्रण के लिए इन्हें विभाजन के साथ उत्पीड़न के सागर मे डुबो दिए और अब सभी कार्य / व्यवसायिक पहचान के कारण एक दूसरे से अलग-अलग हो गए है तथा अब वे सभी आपस में ऊंच-नीच, छुआ-छूत, फिरका-परस्ती में फसे हुए है। आश्चर्य देखिए कि यह सारा कुलंबीज का कुणबा एक होने के बावजूद परिस्थितियों के चलते आज सुनार, लुहार, चमार, तेली, माली कहलाता है परंतु आपस में एक पहचान, एक जमात मानने को तैयार नहीं....? क्योंकि अनंत पीढ़ियों से जानकारी के अभाव, अज्ञानता, शिक्षा का अभाव के कारण जैसे पेड़ की विभिन्न शाखाएं अपने जड़े ही भूल गये और आंकलन के लिए नजरों की क्षमता तो केवल पेड़ की शाखाओं तक सिमित रह गई एवं जड़ों तक नजरे जा ही नहीं पाती?

इन सारी खेतीहर विभिन्न शाखाओं /जातियों/बिरादरियों को चालाकों ने हजारों जातियों के समूह में विभक्त कर दिया। इन खेतिहर बिरादियों को मुख्यधारा की प्रतिष्ठा से वंचित रखा। अब मानव समाज को तंदुरुस्त करने के लिए धर्म चादर की गुलामी से निकलना होगा। जहॉ-जहॉ इन्सान नहीं पहुंचा, वहॉ-वहॉ कोई मंदिर, मस्जिद तथा देवी-देवता, अल्लाह नहीं पहुंचा और ना उनके प्रतीक/ संकेत/ मूर्ति पहुॅची। जहॉ इन्सान पहुॅचा वहॉ- वहॉ इन्सान ने जैसा चाहा वैसा ईश्वर भगवान के रुप संकेत प्रतीक/ प्रतिमा/मूर्ति बना डाला और आखिर इन्सान ही अपने हाथों से बनी इन प्रतिमाओं/मूर्तिओं पर माथा रखकर पूर्ण अज्ञान पुरुष का साकार दर्शन साबित करने लग गया। मतलब ईश्वर एक नहीं, मानव ने जैसा चाहा वैसा बना दिया। जैसा चाहा, वैसा उसके भोजन और कपड़े, दर्शन, निवास तैयार हो गये और जहॉ इन्सान नहीं पहुंचा वहां इन सबका कोई घर नहीं और ना मूर्तिकार ना पंडे ना पुजारी ना दलाल ना कर्मकांड।

भारत कृषि प्रधान देश है और भारत की किसानी जमात ही असली भारत है। यही कुणबा/ कुणबावा/ कुलंबीज/ कुर्मी/ कूर्मि समाज ही भारत का असली समाज है। सिर्फ इन्हें अपना वजूद, अपनी पहचान का एहसास दिलाने की जरुरत है और इन सब काम के लिए पढ़े-लिखे वर्ग को आगे आना होगा। जब पढ़े- लिखे लोग, शेष समाज को देवालय, धर्मालय के बजाए ग्रंथालय या

योगशाला की तरफ भक्तों को मोड़ेंगे वह दिन भारत का शुभ दिन या अच्छे दिन वाला शुभ संकेत माना जायेगा।

दक्षिण भारतीय कूर्मि : -

